सं./35/2/2019-प्रशा.I(ए)/रा.अ.रि.ब्यूरो_250

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो

एन.-08, महिपालपुर,
नई दिल्ली-110037
दिनांक:- 03.06, 2019

सेवा में,

1. सभी राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों के पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक
2. सभी केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक/महानिरीक्षक/निदेशक एवं अन्य विधि प्रवर्तन एजेंसियां

विषय :- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में आरक्षक के चार पदों का प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना।

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो में आरक्षक (सामान्य) के चार पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर वेतनमान (21700-69100/-) लेवल-3 (पूर्व संशोधित 5200-20200/- रु. के पीबी-1 जमा 2000/- रु. ग्रेड पे) को भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है।

2. पद की योग्यता शर्तें एवं अनुभव अनुलग्नक-1 में दर्शाए गए हैं।

3. अनुरोध है कि उपयुक्त कार्मिक जो पात्र एवं इच्छुक हों और जिन्हें चयनित किए जाने पर शीघ्र कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन अनुलग्नक-II में दिये गए निर्धारित प्रपत्र में भरकर, उनके अद्यतन वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) (पिछले पाँच वर्षों की) की सत्यापित प्रतियों सहित इस पत्र के जारी होने की तिथि से 30 दिन के भीतर इस कार्यालय में सहायक निदेशक (प्रशा.), राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, एन.एच.-08, एस.एस.बी. परिसर, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 को भेज दिए जाएं। आवेदन अग्रेषित करते समय यह भी सत्यापित एवं प्रमाणित किया जाए कि कार्मिकों द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला न तो लंबित है और न ही विचाराधीन है। कार्मिक की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाणित किया जाए।

जारी...

4. चुने हुए अभ्यर्थियों को इस ब्यूरो में व्यक्तिगत वार्ता हेतु उपस्थित होना होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

5. अनुरोध है कि आपके प्रशासनिक नियंत्रण में रिक्ति परिपत्र का प्रचार सभी योग्य कार्मिकों के बीच किया जाए ।

भवदीय,

03/6/2019

(राजेश्वर लाल)
सहायक निदेशक (प्रशा॰)
दूरभाष - 011 26735521
फ़ैक्स - 011 26782257
e-mail:rajeshwar.lal@nic.in

प्रति :- डीसीटी (रा॰अ॰का॰ब्यूरो के वेबसाइट पर अपलोड हेतु)

श्री संतोष कुमार, 2 इन कमांड (डब्ल्यूएस) को इस रिक्ति परिपत्र को गृह-मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रति अग्रेषित।

03/6/2019

(राजेश्वर लाल)
सहायक निदेशक (प्रशा॰)
दूरभाष - 011 26735521
फ़ैक्स - 011 26782257
e-mail:rajeshwar.lal@nic.in

<u>अनुलग्नक-I</u>

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, नई दिल्ली के अपराध रिकॉर्ड, प्रशासन एवं प्रशिक्षण खंड में आरक्षक के संबंध में ब्यौरा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | : | आरक्षक (सामान्य) |
| 2. | पद की संख्या | : | चार (04) |
| 3. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'ग' अ-राजपत्रित अनानुसचिवीय |
| 4. | वेतनमान | : | पे मैट्रिक्स में लेवल-3 ( 5200-20200/- + 2000/- रु॰ ग्रेड पे पूर्व संशोधित) |
| 5. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | : | प्रतिनियुक्ति की अवधि/संविदा की अल्प अवधि सहित जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसे या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति/आमेलन पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 6. | योग्यता की शर्तें | : | संघ या राज्य सरकार या केंद्र सरकार में नियमित रूप से समकक्ष पद धारित पुलिस कार्मिक। |
| 7. | प्रतिनियुक्ति की शर्तें | : | कार्मिकों की प्रतिनिक्ति की शर्तें, व्यय विभाग के दिनांक 13 सितंबर 2008 के कार्यालय ज्ञापन सं॰ 1/1/008-Iसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17 जून, 2010 एवं 17.02.2016 के पत्र सं॰ 6/8/09(स्था॰)(वेतन-II) में विहित आदेशों द्वारा नियंत्रित की जाएगी। |

अनुलग्नक-II

## बायो-डाटा प्रोफॉर्मा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम एवं पता (बड़े अक्षरों में) | : | |
| 2. | धारित पद का नाम तथा पूर्व संशोधित वेतनमान में ग्रेड पे सहित पे मैट्रिक्स में स्तर। | | |
| 3. | जन्म तिथि (ईसवी में) | : | |
| 4. | कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तथा केंद्र/राज्य सरकार नियमावली के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि। | : | |
| 5. | शैक्षणिक योग्यता | | |
| 6. | व्यवसायिक कोर्स/प्रशिक्षण में भाग लेने का ब्यौरा, यदि कोई है। | | |
| 7. | दिनांक सहित वर्तमान रोजगार का प्रकार, जैसे कि:-<br>(1) तदर्थ आधार पर<br>(2) नियमित आधार पर | | |
| 8. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति के आधार पर लिया गया है तो कृपया बताएं:-<br>(क) मूल संवर्ग में मूल वेतनमान में प्रारम्भिक नियुक्ति की तिथि।<br>(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की तिथि तथा प्रतिनियुक्ति की अवधि।<br>(ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम।<br>(घ) प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले कार्यालय/संगठन का नाम। | | |
| 9. | कालक्रमानुसार रोजगार का ब्यौरा (यदि नीचे दिया गया रिक्त स्थान पर्याप्त नहीं तो (अपने हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित एक शीट अलग से संलग्न करें) | | |

| कार्यालय/संस्था/संगठन | से | को | वेतनमान तथा पद का वर्गीकरण (समूह) | यदि नियमित/तदर्थ आधार पर धारित पद | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | पूर्व में धारित संवर्ग-वाहय से वापसी की तिथि। | | |
| 11. | पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में कोई अतिरिक्त सूचना, जो आप देना चाहते हैं। | | |
| 12. | अ०जा०/अ०ज०जा०/अ०पि०जा० | | |
| 13. | अभ्युक्ति, यदि कोई | | |

मैंने ध्यानपूर्वक रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को पढ़ा है और प्रमाणित करता हूं कि मैंने किसी भी तथ्य को न तो छुपाया है और न ही किसी सूचना को गलत रूप में प्रस्तुत किया है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

दिनांक :________________

पता______________________

**नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/प्रेषण प्राधिकारी द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्र :-**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ______________________________ ______________________________द्वारा दिए गए ब्यौरे सही हैं एवं उन्हें उपर्युक्त अनुलग्नक II में दर्शाई गई शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्राप्त है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) उनके विरुद्ध कोई भी सतर्कता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

(ii) भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उनके समकक्ष अधिकारी द्वारा सत्यापित, उनके पिछले पाँच वर्षों की सभी अपार (APAR) संलग्न है।

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(iv) पिछले 10 वर्षों में उन पर कोई भी दीर्घ/लघु शास्ति नहीं लगाई गई है।

(V) चयन की स्थिति में उन्हें इस संगठन से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थान:-

हस्ताक्षर

कार्यालय प्रमुख का नाम एवं पदनाम

दिनांक:-

कार्यालय की मुहर